हिन्दी साप्ताहिक
# श्रम शिखर
सकारात्मक- सूचनात्मक उपयोगी समाचार
केन्द्र सरकार, राज्य सरकार उत्तर प्रदेश, विद्युत विभाग से विज्ञापनों हेतु स्वीकृत

प्रथम प्रकाशन 2 अक्टूबर 1981
डाक पंजीकरण संख्या-मेरठ
153-2025-2027
RNI No. UPHIN/2009/31760
वर्ष 16 अंक 50
विक्रम संवत 2081
मार्गशीर्ष शुक्ल अष्टमी से
मार्गशीर्ष शुक्ल पूर्णिमा
09 दिसम्बर सोमवार से
15 दिसम्बर रविवार 2024 तक
कुल पृष्ठ 04 मूल्य 8रु/-

श्रीकृष्ण भवन (गली अपोजिट शिवलोक कॉम्पलैक्स) 283, वेस्टर्न कचहरी मार्ग, मेरठ। फोन: 0121-2641338
shramshikhar@gmail.com shram shikhar shramshikhar.co.in

**शासन-प्रशासन जानकारियां**

## 11, 12 व 13 दिसम्बर को आयोजित विशेष लोक अदालत में किया जायेगा लघु आपराधिक वादो का निस्तारण

### अपर जिला न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मेरठ उदयवीर सिंह ने बताया



उ०प्र० राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के पत्र के अनुसार दिनांक 11 दिसम्बर 2024, 12 दिसम्बर 2024 व 13 दिसम्बर 2024 को आयोजित विशेष लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में लघु आपराधिक वादो को चिन्हित कर निस्तारित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। उन्होने बताया कि दिनांक 11 दिसम्बर 2024, 12 दिसम्बर २024 व 13 दिसम्बर 2024 को आयोजित विशेष लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में लघु आपराधिक वादो का निस्तारण किया जायेगा।

जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय के मीटिंग हाल में आयोजित की गई जिला सैनिक बन्धु की मासिक बैठक पूर्व सैनिकों एवं शहीद व दिवंगत सैनिकों की पत्नियों तथा उनके आश्रितों की समस्याओं के निराकरण हेतु जिला सैनिक बन्धु की नवम्बर 2024 की मासिक बैठक आज जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी मेरठ कैप्टन राकेश शुक्ला की अध्यक्षता में जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय मेरठ के मीटिंग हाल में आयोजित की गयी, जिसमें जिलाधिकारी महोदय की ओर से नामित अपर जिलाधिकारी (नगर) बृजेश सिंह उपस्थित रहे। बैठक में आदेश दिया गया कि भूतपूर्व सैनिको व उनके आश्रितो के लम्बित मसले खासकर जमीन के विवाद का एक निश्चित समय में निस्तारण किया जाये। पूर्व के प्रशासन से लम्बित 10 बैठक में भूतपूर्व सैनिक अनिल कुमार की जमीन से सम्बन्धित प्रकरण को अपर जिलाधिकारी (नगर) बृजेश सिंह ने निस्तारण हेतु निर्देशित किया। पुलिस प्रशासन से लम्बित 45 मामलो की सूची पुलिस प्रशासन को सौंपी गयी इन मामलो में पुलिस प्रशासन द्वारा जल्द निस्तारण किये जाने का प्रयास किया जा रहा है।

गयी व पुलिस प्रशासन से लम्बित 45 मामलो की सूची पुलिस प्रशासन की तरफ से उपस्थित प्रतिनिधी क्षेत्राधिकारी दौराला श्रीमति सुचिता सिंह को सौंपी गयी। उपरोक्त मामलो में मुख्यत: जमीनी विवाद, शस्त्र लाईसेन्स नवीनीकरण, रास्ते सम्बन्धित विवाद व पुलिस सम्बन्धित मामलो पर त्वरित निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विपिन टाडा के कार्यभार ग्रहण करने के उपरान्त पुलिस सम्बन्धित मामलो कर त्वरित निस्तारण किया गया है जो कि पहले नही किया जाता था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक का भूतपूर्व सैनिको की समस्याओं का त्वरित निस्तारण करने हेतु अत्यन्त आभार प्रकट किया जाता है। - श्रम शिखर ब्यूरो




## दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में वायु प्रदूषण के नियंत्रण एवं रोकथाम

वर्तमान में एयर क्वालिटी इण्डेक्स (एक्यूआई) 450 से अधिक होने के कारण दिल्ली एन०सी०आर० क्षेत्र में वायु प्रदूषण के नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र एवं निकटवर्ती क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग, नई दिल्ली द्वारा ग्रैप स्टेज-4 से समस्त एनसीआर क्षेत्र में लागू किया गया है। ग्रैप स्टेज-4 में दिये गये निर्देशों के अनुपालन में आज जिलाधिकारी दीपक मीणा द्वारा संबंधित विभागों के उत्तरदायी अधिकारियों के साथ संपन्न ऑनलाइन मीटिंग में निर्देशित किया गया कि मा० आयोग के निर्देशों का अनुपालन कराया जाए। ग्रैप चरण-4 में लगी पाबंदियों के दृष्टिगत कंस्ट्रक्शन व डिमालिशन गतिविधियो को प्रतिबंधित किया जाये एवं लगातार पानी का छिड़काव सुनिश्चित कराया जाये। जनपद में कूड़ा जलाने की घटनाओं पर तत्काल कार्यवाही करते हुये दोषी के विरूद्ध जुर्माना अधिरोपित करने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। उन्होने कहा कि वाहन प्रदूषण के रोकथाम हेतु लगातार चेकिंग की जाये एवं दोषियों पर जुर्माना लगाया जाये एवं बिना पीयूसी प्रमाण पत्र के संचालित हो रहे वाहनों पर अंकुश लगाया जाये। किसानों द्वारा एनसीआर में पराली जलाये जाने पर भी कार्यवाही की जाये ताकि जनपद की वायु गुणवत्ता में व्यापक सुधार परिलक्षित हो सके। जिलाधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि स्कूलों में ऑनलाइन मोड में कक्षायें संचालित करने हेतु जनपद के समस्त स्कूलों को निर्देशित कर दिया गया है। जनपद में खनन संबंधित गतिविधियों को भी प्रतिबंधित किया गया है एवं माल ढुलाई में प्रयोग होने वाले ट्रकों में भी कवर्ड कर सामान की माल ढुलाई सुनिश्चित की जाये। उक्त आदेशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये।

जिलाधिकारी द्वारा जनपद के नागरिकों को भी सचेत किया गया है कि ग्रैप में उल्लिखित सिटीजन चार्टर का पालन किया जाये। सार्वजनिक परिवहन का अधिक से अधिक प्रयोग किये जाने, अलाव जलाने में प्रयुक्त की जाने वाली लकड़ी के स्थान पर विद्युत चालित हीटर का प्रयोग किया जाये। बुजुर्ग, बीमार व्यक्तियों एवं बच्चों को ज्यादा से ज्यादा इनडोर गतिविधियों में सम्मिलित रहने एवं ज्यादा से ज्यादा मास्क का प्रयोग किये जाने की भी अपेक्षा की गयी है।

- श्रम शिखर ब्यूरो

Print | Outdoor | Electronic | Signage | Film | Event | Magazine | Digital Media | Media International | Awareness Program | All News Paper
R- Reliable R-Reasonable
RR ADVERTISING SERVICES
Estd. 1979
Ph. 0121-2641338, 9412203620, 9219660360 | Email- rradvertisingmeerut@gmail.com




# बुजुर्ग नहीं, भाग्यशाली लोग...कहा

वे भाग्यशाली लोग हैं जो 60 पार कर गये। कैनेडा में, भारतीय मूल के डॉ० दिनेश छुरा 60 साल से अधिक उम्र के लोगों को, बुजुर्ग कहने के बजाय, भाग्यशाली लोग कहने की वकालत करते हैं। अपनी उम्र बताने/जोड़ने का तरीका: यदि आपकी उम्र 60 वर्ष है तो..

उम्र 16 + 44 अनुभव = 60 वर्ष डॉ०. छुरा ने 60 साल के लोगों के "भाग्यशाली व्यक्ति" बनने के रहस्य को "37 वाक्यों" में इस प्रकार समझाया :-

1. चलते रहो, बिना किसी वजह के भी पैदल चलो। लिफ्ट का उपयोग कम से कम करें लेकिन इन सब में आपके जूते अत्यधिक कंफर्टेबल होने चाहिए।
2. जब आप चिड़चिड़ा महसूस करें तो गहरी सांस लें।
3. व्यायाम करें, तांकि शरीर में अकड़न महसूस न हो।
4. गर्मियों में, एयर- कंडीशनर चालू होने पर, अधिक पानी पिएं। और हो सके तो एयर कंडीशन में ना बैठें।
5. आप जितना चबाएंगे, आपका शरीर और मस्तिष्क उतना ही ऊर्जावान होगा।
6. याददाश्त उम्र के कारण नहीं, बल्कि लंबे समय तक मस्तिष्क का उपयोग न करने के कारण कम होती है।
7. ज्यादा दवाइयां लेने की जरूरत नहीं है। जरूरत होने पर आपकी रसोई के मसाले व अन्य सामान आप दवाई की जगह प्रयोग में ला सकते हैं। फिर भी ज्यादा जरूरी हो तो आयुर्वेद या होम्योपैथी का सहारा लें।
8. रक्तचाप और रक्त शर्करा के स्तर को जानबूझ कर कम करने की आवश्यकता नहीं है।
9. केवल वही काम करें, जिससे आप प्यार करते हैं। व आपको उस से खुशी मिलती हो।
10. चाहे कुछ भी हो जाए, हर समय घर में नहीं रहना चाहिए। रोजाना घर से बाहर जरूर निकलें, और टहलें भी।
11. जो चाहो खाओ, नियन्त्रित मात्रा में।
12. हर काम सावधानी से करें। जल्दबाजी आपको महंगी पड़ सकती है
13. उन लोगों से भी बुरा व्यवहार न करें, जिन्हें आप नापसंद करते हैं।
14. अपनों व अपने जीवनसाथी का ख्याल रखें।
15. बीमारी से, अंत तक लड़ने के बजाय इसके साथ जीना सीखना बेहतर है।
16. मुश्किल समय में, ईश्वर जी की मदद से आगे बढ़ने की कृपा मिलती है
17. हर बार, खाना खाने के बाद, थोड़ा सा गुनगुना पानी, अवश्य पियें। खाना खाने के कम से कम 1 घंटे बाद पानी पिएं। खाना खाने के तुरंत बाद बैठकर पेशाब करने से आपके गुर्दे ठीक रहते हैं
18. रात में, जब भी उठें, पानी कम मात्रा में अवश्य पियें।
19. जब नींद नहीं आये, तो जबरदस्ती न करें। राम नाम की माला लगातार शुरू कर दें। आपको आराम से नींद आ जाएगी।
20. खुशमिजाज चीजें करना, दिमाग को तेज करने में सबसे अच्छी गतिविधि है
21. अपने लोगों से बातचीत करते रहें। आपके पास कम लोग हैं आप अकेले रहते हैं तो फोन का इस्तेमाल करें।
22. एक "पारिवारिक चिकित्सक" को, अपने आसपास जल्दी खोज लें। जरूरत पड़ने पर उससे संपर्क साधा जा सके।
23. धैर्य रखें, लेकिन अत्यधिक नहीं, या हर समय अपने आप को अच्छा बनने के लिए मजबूर न करें।
24. नया सीखते रहें, वर्ना बूढ़े कहलाएंगे।
25. लालची मत बनो, अब जो कुछ भी तुम्हारे पास है, वही अच्छा व काफी है।
26. अपने और अपनों के ऊपर खर्च करें। अंत में बाकी सब छोड़ कर जाना यही सत्य है।
27. जब बिस्तर से उठना हो, तो तुरंत खड़े न हों, 2-3 मिनट रुककर, उठें।
28. जितनी अधिक परेशानी वाली चीजें हैं, उतनी ही दिलचस्प हैं , चिंता ना करें।
29. स्नान करने के बाद कपड़े पहनते वक्त दीवार आदि का सहारा लें।
30. वही करें, जो अपने और दूसरों के लिए हितकारी हो।
31. अपने आज को, इत्मिनान से जियें।
32. इच्छा, दीर्घायु का स्रोत है!
33. एक आशावादी के रूप में जियें। प्रसन्नचित्त व्यक्ति, लोकप्रिय भी होते हैं और दूसरों को भी प्रसन्नचित रखते हैं।
34. रोजाना मंदिर अवश्य जाएं। दिल खोलकर दान करें। गौ माता जी की व अन्य जीव जंतुओं, कीड़ों मकोड़ों आदि की सेवा करें।
35. जीवन और जीवन के नियम आपके अपने हाथों में हैं।
36. इस उम्र में सब कुछ शांति से स्वीकार करे!
37. मित्र सबसे ज्यादा इसी उम्र में जरूरी हैं अपनी मित्र मंडली बनायें।



## हैल्थ-वैल्थ

**एकलव्य भव्यधारा से प्रेरित**

## अपने गुरु आप बनें, स्वंम स्वास्थ्य अभियान

आप समाज के विकास की चर्चा करते है, तो यह अनुभव में आता है कि समाज का स्तर विचारणीय है। समाज जन-जन से मिलकर बनता है अतः जन-जन के साथ इस विषय पर कार्य करना है। स्वास्थ्य, शांति, समृद्धि, शिक्षा, अध्यात्म, आदि जीवन यात्रा सम्बन्धित शैली एवं भावों को होशपूर्वक जिन्दगी के अर्थ, प्रयोजन के साथ, गहराई और ऊंचाई को पकड़ लें। इसी से जिन्दगी का सत्य हाथ में पाकर आनन्द पा सकते है। विभिन्न क्षेत्रों के अनुभवी अन्यों को प्रेषित करेंगे। सीखों-सीखाओं के आधार पर हम आप मिलकर इस श्रृंखला को आगे बढायेंगे, चलायेंगे।

**किडनी, हार्ट, बबासीर, जोडो के दर्द, लीवर, कैंसर, मधुमेह रक्तचाप, कमर, घुटनें, डिस्क, सर्वाइकल, मोटापन, दुबलापन एसीडीटी, कब्ज, डिप्रैशन, अनिन्द्रा, इनफर्टिलिटी, हर्निया, प्रोस्टेट, अस्थमा, आदि रोगों का समाधान अपने डॉक्टर/वैध से कारण समझ और आयुर्वेद, प्राकृतिक, पंचकर्म, आहार, दिनचर्या के प्रयोग स्वमं कर नये-नये अनुभव से अपने व समाज के विकास आनन्द में सहभागी बनिये**

**हमारा प्रयास है, ऑफलाइन, ऑनलाइन घर पर सेवायें उपलब्ध करायें पंजीकरण करायें-स्वयं स्वास्थ्य अभियान**

## शान्तिपल चैरिटेबल चिकित्सा केन्द्र

## स्वास्थ्य कार्यक्रम

डा० शरद मित्थल 9259181149

डा० पूजा जैन 9411685775

डा० सीमा वैश्य 8449345555

पूर्व समय निर्धारित कर मिलें

- शारीरिक
- मानसिक
- वैचारिक
- प्राकृतिक
- फिजिशियन
- मैडिटेशन
- एक्यूप्रैशन
- आहार
- डेंटिस्ट
- अन्य

**सद्भावना समिति (पंजी०)** 19, विक्टोरिया पार्क, जेल चुंगी, मेरठ- मो0- 0121-2641338, 9219660359

## छात्र/छात्रा/शिक्षक/अभिभावक लिए अवसर

## रखें ख्याल, अपने दांतो का

- दिन में दो बार ब्रश करें, सोने से पूर्व एवं उठने पर ।
- कुछ भी खाने के बाद कुल्ला अवश्य करें।
- पानी पीते रहें।
- समय-समय पर डॉक्टर से जांच करवायें।
- परिवारों एंव संबधित दांतो की जांच
- छात्र/छात्रा परिवार एंव शिक्षिको दांतो की जांच के लिए अवसर
- दांतो से स्वास्थ्य प्रभावित होता है। आप फार्म भरकर, प्रत्येक बृहस्पतिवार को फोन पर पूर्व निर्धारित समय पर मिलें।
- 2024 में प्रभावित है।
- छात्र/छात्राओं एंव अध्यापकों को फीस में 75 प्रतिशत की छूट ।
- अभिभावक परिवारजन को फीस में 50 प्रतिशत की छूट।
- सभी छूट श्रम शिखर में प्रकाशित फार्म पर या विद्यालय के आई कार्ड पर

**सद्भावना वैलनेस की ओर से ऑफर .......**

## डॉ. विवेक मित्तल

( बी.डी.एस., एस. आई. एम. एस. )

**शकुन डेन्टल हैल्थ क्लीनिक**

पता- 615, ज्वालापुरी, नाला रोड़, माधवपुरम कांसिग हनुमान मंदिर, दिल्ली रोड़, मेरठ
समय पूर्व निर्धारित के लिए मो. 9997153212

छात्र/अभिभावक/अध्यापक............................................कक्षा ..................दिनाकं.................

स्कूल का नाम/पता ..........................................................................................................

अभिभावक माता/पिता का नाम.............................................................................................

निवास पता.......................................................................................................................

प्रधानाचार्य का नाम/फोन.....................................................................................................

(स्कूल का आई-कार्ड या आधार कार्ड की फोटो कॉपी सलंग्न करें)

नोटः अपने दांतो का महत्व उपयोग अनुभव पर लेख लिखें । गुणवत्ता के आधार पर सभी को पुरस्कार किया जायेगा।

सकारात्मक-सूचनात्मक उपयोगी समाचार
प्रथम प्रकाशन 2 अक्टूबर 1981
E-Paper : shramshikhar.com
केन्द्र सरकार, राज्य सरकार, उत्तर प्रदेश विद्युत विभाग एंव भारतीय रेलवे से विज्ञापन हेतू स्वीकृत डाक-पंजीकरण संख्या मेरठ 153.2025-2027
**RNI No. UPHIN/2009/31760**
सप्ताहिक अखबार श्रम शिखर, श्रीकृष्ण भवन (अपोजिट शिवलोक कॉम्पलैक्स), 283/1, वैस्टर्न कचहरी रोड़, मेरठ मो. 9219660359
**प्रधान सम्पादक** : सुनीता रानी 9897373736
**प्रबन्धक** : राकेश गुप्ता 9219660359
**बिक्री प्रबन्धक** : अश्विनी गुप्ता 9258402365
**इंटरनेट प्रबन्धक** : मेघा अग्रवाल 9219660359
**संरक्षक** : ब्रजभूषण 9457213164
**कानूनी सलाहकार** : दिनेश कुमार चतुर्वेदी एडवोकेट : 0121-2760145, 9720171549
**मार्केटिंग टीम** : 9219660359, 9411990449
वरिष्ठ नागरिक संयोजक
श्री सुदेश चन्द शर्मा पुत्र पं. होराम शर्मा 245 खारी कुआं कोतवाली, मेरठ 8630180430
**उ.प्र. ब्यूरो चीफ** : अभिलाष गुप्ता 9412203620
**प्रभारी दिल्ली एंव महाराष्ट्र** : मंजरी गुप्ता, 42, अनामिका अपार्टमेन्ट इन्द्रप्रस्थ विस्तार पटपड़गंज, नई दिल्ली-92
202, बाहर बिल्डिंग, दूरदर्शन हाउसिंग सोसाइटी गोकुल धाम, अंधेरी ईस्ट, मुम्बई-63

## श्रमशिखर कार्यालय

**मेरठ**-श्रीकृष्ण भवन, 283, वैस्टर्न कचहरी रोड, मेरठ। (0121-2641338) सद्भावना 68ए सांईपुरम, दिल्ली रोड, मेरठ। (9219660359), **उत्तराखण्ड** - श्री राजेश कुमार गुप्ता, श्री ओम वैष्णव भोजनालय,78 गांधी रोड, देहरादून (9411548998), **गाजियाबाद**-(09540018282), अमित कुमार, 705 सी टॉवर, सातवां तल, जी0एच0 1/1, सैक्टर 01, ग्रीन एक्सप्रेस, वैशाली गाजियाबाद,उ0प्र0 09560115905, **दिल्ली**- राखी मित्तल-एफ-1, त्रवेणी कॉम्पलेक्स शेख सराय फेस-1, न्यू दिल्ली-110017 मो0 9868511922 **हरियाणा**- राखी मित्तल, रीचमण्ड पार्क डीएलएफ, फेस-4, गुडगांव हरियाणा। मो0 9868511922 **मुजफ्फरनगर**- विजय बुक स्टोर, मेन रोड, गांधी कॉलोनी, मुजफ्फरनगर। फोनः 9897185208, 9152911899
**दिल्ली**- **Ankit Sisodia GF - 89, Kailash Hills, East of Kailash, New Delhi-110065** श्रीमती रंजीता गर्ग, बी-120, शॉप नं.5, पांडव नगर दिल्ली मो. 9911808555 **लखनऊ**- अजय श्रीवास्तव, 3/20,विकास नगर लखनऊ फोन. 9335208218, **मुम्बई**-अचल गुप्ता, बी- 1603 सनटैक सिटी, गोरेगांव वेस्ट मुम्बई मो.20939916, **सरधना**-महेश गुप्ता, न्यूज पेपर एजेन्ट मौहल्ला -गुजरान,सरधना, मेरठ । **हैदराबाद** श्रीमति नेहा गोयल फ्लैट नं0 1207 गोमेड ब्लॉक "माई होम जैवल" मदीनागुड़ा हैदराबाद 500049

डाक पंजीकरण संख्या-मेरठ
**153-2025-2027 RNI No. UPHIN/2009/31760**
मालिक, प्रकाशक, मीना भूषण ने मुद्रक प्रिटिंग - इम्प्रेशन्स प्रिटिंग - पैकेजिंग लिमिटेड, 164/1, मोहकमपुर, दिल्ली रोड़, मेरठ- 250002 से मुद्रित कराकर श्रीकृष्ण भवन, गली अपोजिट शिवलोक कॉम्पलैक्स, 283, वैस्टर्न कचहरी रोड मेरठ से प्रकाशित किया।
सम्पादकः सुनीता रानी
प्रबन्धकः राकेश गुप्ता
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों एवं लेख के चयन एवं सपांदन हेतु जी. आर.वी. एक्ट के अर्न्तगत उत्तर दायी समस्त विवाद मेरठ न्यायालय के अधीन ही होगें।

इच्छाओं और जरूरतों का समाधान
हिन्दी साप्ताहिक श्रम शिखर CITY MEERUT CLASSIFIED
www.shramshikhar.in, shramshikhar@gmail.com



MATRIMONAL
वैवाहिक परिचयः- वैवाहिक विज्ञापन में कार्य समूह और आर. एच. फैक्टर जांच कराकर प्रकाशित करायें। यह जन्मपत्री के साथ विज्ञानिक दृष्टि से महत्वपूर्ण मिलान है आवश्यकता/उपलब्धता




## आदमी मुर्दों को पूजता है

लंका में एक मंदिर है, जहां बुद्ध का दात पूजा जा रहा है। और वैज्ञानिकों ने खोज की है और वे कहते हैं यह बुद्ध का दांत ही नहीं है। बुद्ध की तो बात छोड़ो, यह आदमी का ही दांत नहीं है। वह किसी जानवर का दांत है। मगर बौद्ध मानने को तैयार नहीं हैं। और उनको भी दिखायी पड़ता है कि इतना बड़ा दांत आदमी का होता ही नहीं। इस ढंग का दात आदमी का नहीं होता। वैज्ञानिकों ने सब परीक्षण करके तय कर दिया है कि किस तरह के जानवर का दात है। मगर पूजा जारी है! वे कहते हैं सदा से चली आयी हैय हम छोड़ कैसे सकते हैं! सदियां मूढ़ थीं? पच्चीस सौ साल से हम इसको पूजते हैं! किसी को पता नहीं चला, आपको पहली दफा पता चला! पूजा जारी रहेगी। अस्थियां पूंजी जाती हैं। राख पूंजी जाती है। लाशें पूंजी जाती हैं। और जीवंत का तिरस्कार होता है! आदमी बहुत अदभुत है। जब बुद्ध जिंदा होते हैं, तब पत्थर मारे जाते हैं। और जब बुद्ध मर जाते हैं, तब पूजा होती है! जब क्राइस्ट जिंदा थे, तो सूली लगायी। और जब अब मर गए हैं, तो कितने चर्च! लाखों चर्च! कितनी चर्चा! जितनी किताबें जीसस पर लिखी जाती हैं, किसी पर नहीं लिखी जातीं। और जितने पंडित-पुरोहित जीसस के पीछे हैं, उतने किसी के पीछे नहीं। और जितने मंदिर जीसस के लिए खड़े हैं, उतने मंदिर किसी के लिए नहीं हैं। आधी पृथ्वी ईसाई है! और इस आदमी को सूली लगा दी थी। और इस आदमी को जब सूली लगी थी, तो लोग पत्थर फेंक रहे थे, सड़े-गले छिलके फेंक रहे थे, लोग इसका अपमान कर रहे थेय हंस रहे थे। और जब यह आदमी सूली पर लटका हुआ प्यास से तड़फ रहा था और इसने पानी मांगा, तो किसी ने गंदे डबरे में एक चीथड़े को भिगोकर एक बांस पर लगाकर जीसस की तरफ कर दिया कि इसे चूस लो। जीसस जिंदा थे, तो यह व्यवहार। जीसस को खुद अपनी सूली ढोनी पड़ी थी गोलगोथा के पहाड़ पर। गिर पड़े रास्ते में, क्योंकि सूली वजनी थी, बड़ी थी। घुटने टूट गएय लहूलुहान हो गए। और पीछे से कोड़े भी पड़ रहे है कि उठो और अपनी सूली ढोओ। यह व्यवहार जीवित जीसस के साथ और अब पूजा चल रही है! और अब वही क्रास सभी मंदिरों में प्रतिष्ठित हो गया है। भजन कीर्तन हो रहे हैं! और मैं तुमसे कहता हूं रू जीसस अगर वापस आ जाएं, तो फिर सूली लगे। आदमी वहीं का वहीं है। आदमी कहीं गया नहीं है। आदमी मुर्दों को पूजता है। क्यों? क्योंकि मुर्दों के द्वारा कोई क्रांति नहीं होती, तुम सुरक्षित रहते हो। जिंदा जीसस तुम्हारे जीवन को बदल डालेंगे। जिंदा जीसस से दोस्ती करोगे, प्रेम लगाओगे, तो बदलाहट होगी। मरे हुए जीसस से बदलाहट नहीं होती। मरे हुए जीसस को तो तुम बदल दोगे। तुम्हें वे क्या बदलेंगे। धर्म के नाम पर इतना अनाचार है। धर्म के नाम पर इतना रक्तपात है, युद्ध, हिंसा।

धर्म के नाम पर जितने लोग मारे गए हैं, और किसी नाम पर नहीं मारे गए हैं। और धर्म प्रेम की बात करता है!

– ओशो

## सद्भावना समिति जागरूकता कोना

### सद्भावना समिति द्वारा जनहित के विकास के लिए मुख्य जानकारी–

गांठ बांध लीजिए.. कन्याओं का विवाह 21 से 25 वे वर्ष तक, और लड़कों का विवाह 25 से 29वें वर्ष की आयु तक हर स्थिति में हो जाना चाहिए !

1 फ्लैट न लेकर जमीन खरीदो, और उस पर अपना घर बनाओ! वरना आपकी संतानों का भविष्य पिंजरे के पंछी की तरह हो जाएगा
2 गांव से नाता जोड़ कर रखें ! और गांव की पैतृक सम्पत्ति, और वहां के लोगों से नाता, जोड़कर रखें !
3 अपनी संतानों को अपने धर्म की शिक्षा अवश्य दें, और उनके मानसिक व शारीरिक विकास पर अवश्य ध्यान दें
4 किसी भी और आतंकवादी प्रवृत्ति के व्यक्ति से सामान लेने–देने, व्यवहार करने से यथासंभव बचें !
5 घर में बागवानी करने की आदत डालें,(और यदि पर्याप्त जगह है,तो देशी गाय पालें।
6 होली, दीपावली,विजयादशमी, नवरात्रि, मकर संक्रांति, जन्माष्टमी, राम नवमी, आदि जितने भी त्यौहार आयें, उन्हें आफिसध्कार्य से छुट्टी लेकर सपरिवार मनाये।
7 (हो सके तो पैदल, व परिवार के साथ )
8 प्रातः काल 5–5:30 बजे उठ जाएं, और रात्रि को 10 बजे तक सोने का नियम बनाएं ! सोने से पहले आधा गिलास पानी अवश्य पिये (हार्ट अटैक की संभावना घटती है)
9 यदि आपकी कोई एक संतान पढ़ाई में असक्षम है, तो उसको कोई भी हुनर (Skill) वाला ज्ञान जरूर दें !
10 आपकी प्रत्येक संतान को कम से कम तीन फोन नंबर स्मरण होने चाहिए, और आपको भी!
11 जब भी परिवार व समाज के किसी कार्यक्रम में जाएं, तो अपनी संतानों को भी ले जाएं ! इससे उनका मानसिक विकास सशक्त होगा !
12 परिवार के साथ मिल बैठकर भोजन करने का प्रयास करें, और भोजन करते समय मोबाइल फोन और टीवी बंद कर लें !
13 अपनी संतानों को बालीवुड की कचरा फिल्मों से बचाएं, और प्रेरणादायक फिल्में दिखाएं !
14 जंक फूड और फास्ट फूड से बचें ! 15 सायंकाल के समय कम से कम 10 मिनट भक्ति संगीत सुने, बजाएं !
16 दिखावे के चक्कर में पड़कर, व्यर्थ का खर्चा न करें !
17 दो किलोमीटर तक जाना हो, तो पैदल जाएं, या साईकिल का प्रयोग करें !
18 अपनी संतानों के मन में किसी भी प्रकार के नशे (गुटखा, तंबाखू, बीड़ी, सिगरेट, दारू...) के विरुद्ध चेतना उत्पन्न करें,तथा उसे विकसित करें !
19 सदैव सात्विक भोजन ग्रहण करें, अपने भोजन का ईश्वर को भोग लगा कर प्रसाद ग्रहण करें ! !
20 अपने आंगन में तुलसी का पौधा अवश्य लगायें, व नित्य प्रति दिन पूजा, दीपदान अवश्य करें !
21 अपने घर पर एक हथियार अवश्य रखें, ओर उसे चलाने का निरन्तर हवा में अकेले प्रयास करते रहें, ताकि विपत्ति के समय प्रयोग कर सकें ! जैसे–लाठी,हॉकी, तलवार,भाला, बंदूक/पिस्तौल लाइसेंस के साथ !
22 घर में पुत्र का जन्म हो या कन्या का, खुशी बराबरी से मनाएँ ! दोनों जरूरी है ! अगर बेटियाँ नहीं होगी तो परिवार व समाज को आगे बढाने वाली बहुएँ कहाँ से आएगी और बेटे नहीं होंगे तो परिवार समाज व देश की रक्षा कौन करेगा !

## हमारे बुजुर्ग-हमारी सम्पदा (मार्ग -दर्शक हमारे वरिष्ठ नागरिक)

वरिष्ठ नागरिक परिपक्व पुष्प है जिसकी सुगंध से समाज को उनके अनुभवों द्वारा लाभन्वित किया जा सकता हैं। क्योकि प्रत्येक वरिष्ठ नागरिक एक स्वयं संस्थान है । जिसके द्वारा युवा पीढ़ी मार्गदर्शन प्राप्त कर विकास के पथ पर अग्रसर होगी। वरिष्ठ नागरिक फोरम सद्भावनाा समिति मेरठ का मिशन है। कि मेरठ के सभी वरिष्ठ नागरिकों की रचनात्मकता का सदुपयोग हो प्रत्येक वरिष्ठ नागरिक को श्रम शिखर समाचार पत्र की वर्षिक सदस्यता प्रदान की जायेगी जिससे वे अपने अनुभव, रचनाएं (कविता, कहानी, लेख आदि) श्रम शिखर में प्रकाशन हेतू भेज सके।

## कहा लुप्त हो गई मानवता भारत की (लेख)

प्रस्तुत लेख को पढ़कर सभी शिक्षित एंव ज्ञानी जन तथा अनुभवी दुखी होगें जो प्रत्यक्ष देखा और सुन रही हुँ। देवताओं की पाटान भूमि पर स्थिति वाला भारत क्या पहले देखा या सुना होगा। कल्पना करके मन सिहर उठता है। इतना घृणित व नीच कर्म करके भी मन नही भरता। दिन-प्रतिदिन बढ़ते इस नीच कर्म को देखते हुयें मन दुखी और अशान्त हो उठता है नही भरोसा रह गया। अपने खून काव विश्वास । उम्र के अन्तिम पड़ाव में हूँ। किन्तु कभी भी अपने जीवन में इतनी गन्दगी नही देखीं। चारों ओर खुशी तथा स्वच्छता को ही देखा। माता-पिता भाई सगें संबन्धी तथा अपने ही मित्र, शिक्षक, पंडित, डॉक्टर तक भी अवसर पाते इस दुष्कर्म में लिप्त नजर आते है। मैं सभी को दोष नही दूंगी। किन्तु कहावत सच है मानव समाज में भी दिखता है इसको कैसें दूर किया जाये। सड़क पर पड़ा दिखता है इसको कैसे दूर किया जायें। देखकर भी लोग पी. डी.ओ. बनाने में व्यस्त और खुश रहते हैं किन्तु मानवता के नाम पर कोई आगें बढ़कर मदद को तैयार नही लिख पाऊगी क्षमा चाहती हूं कुछ नही हो सकता अब जहां धरती पर खेलने वाले बच्चें तक इस दुष्कर्म में लिप्त देखते है। विवेकी, ज्ञानी सुशिक्षित भी बस -देखते रहते है। क्या करें, इसको सुधारा जाना असाध्य एंव असम्भव है मानवता अतीत काल की धार्मिक भूमि की नष्ट हो चुकी है। क्या लिखूं समझ नही आता दृष्टि धुंधली हो गई है यह देखते-देखते समाप्त कर रही हूँ। गल्तियों के लिये क्षमा चाहूंगी।

–निवेदिका
एक अज्ञात बहिना

## सब को इकट्ठा रखने की ताकत प्रेम

सब को इकट्ठा रखने की ताकत प्रेम में है, और सब को अलग करने की ताकत श्रम में है। इसलिए मन में कभी भी श्रम ना पाले.! लोग चाहते हैं कि आप बेहतर करें, लेकिन ये भी सत्य है कि वो कभी नहीं चाहते कि आप उनसे बेहतर करें.!!
रिश्ते वही अच्छे हैं,.....
जहाँ समझ होती है, समझौते नहीं
जिंदगी बहुत हसीन है,....
जो आपसे अच्छा व्यवहार करते हैं,...
उन्हें "धन्यवाद"'कहो,
जो आपसे अच्छा व्यवहार नहीं करते,...
उन्हें मुस्कुरा कर माफ कर दो
मर्यादा में रहना गुलामी नहीं है,...
श्रृष्टि के विकास में अनुपम योगदान है।
बाकि कठिन परिस्थितियों में...
शांत दिमाग ही व्यक्ति की संयमता दर्शाता है धैर्य धारण करके रखें।

## जीवन में समय सबसे बड़ा शिक्षक

जब तक तुम घर से बाहर नहीं निकलोगे, तब तक तुम्हें पता नहीं चलेगा कि जीवन क्या है।
घर से बाहर निकलना नहीं सिर्फ शारीरिक रूप से ही नहीं, बल्कि मानसिक और आत्मिक रूप से भी होना चाहिए।
अनुभव ही जीवन का सबसे बड़ा शिक्षक है, और अनुभव के लिए घर से बाहर निकलना जरूरी है।
जब तुम घर से बाहर निकलते हो, तो तुम्हें अपने आप को और दुनिया को नए तरीके से देखने का मौका मिलता है।
घर से बाहर निकलने से तुम्हारी सोच बदल जाती है, तुम्हारे विचार बदल जाते हैं, और तुम्हारा जीवन बदल जाता है।
अनुभव के लिए घर से बाहर निकलना जरूरी है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि तुम अपने आप को भूल जाओ।

## अपने शरीर की बीमारी को स्वीकार करना चाहिए.......... गीता दर्शन

शरीर की बीमारी को तो हम स्वीकार करते हैं। लेकिन मन की बीमारी को हम स्वीकार नहीं करते। कोई कह दे कि आप लोभी हो, लोभ एक बीमारी है। हम स्वीकार नहीं करते। कृष्ण कह रहे हैं ये एक ज्वर है। पहली तो शर्त ये है कि बीमारी की तरह पहचाने इसे। जिस दिन बीमारी की तरह पहचानेंगे, उसी दिन छुटकारा शुरू हो जाएगा।
जब क्रोध आएगा, आपको लगेगा कि बीमारी आती है। हाथ ढीले पड़ जायेंगे।
भीतर कोई चीज रुक जायेगी। लेकिन क्रोध बीमारी नहीं है, हमारी अकड़ है।
लोभ, क्रोध, काम इनकी वजह से हम कुछ भी नही कर पाते।
हमारी सारी शक्ति इन छिद्रो से बह जाती है। दीन हीन जो थोड़ी बहुत शक्ति बचती है, उस से हम किसी तरह जिंदगी घसीट पाते हैं। हमारी जिंदगी आनंद नही बन सकती।
क्यूंकि आनंद सदा वूमतसिवूपदह मदमतहल है। जैसे नदी में बाढ़ आ जाए। जैसे किनारे टूट जाए और नदी चारो तरफ नाचते हुए बहने लगती है।

**गीता दर्शन जी**

इच्छाओं और जरूरतों का समाधान
हिन्दी साप्ताहिक श्रम शिखर CITY MEERUT CLASSIFIED
www. shramshikhar.in, shramshikhar@gmail.com



EDUCATION
शिक्षा कार्य- शिक्षा संबन्धित जानकारियों और विभिन्न कोर्सो के विज्ञापन हेतू आवश्यकता/उपलब्धता